ग्रामाभ्युदयादेव देशाभ्युदयः
गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
कृषि मौसम विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय
पन्तनगर–263145 उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)
फोन नम्बरः 05944–233032

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा बुलेटिन, जनपद – उधम सिंह नगर

उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे **निदेशक, मौसम केन्द्र, देहरादून**

वर्षः 26 अंकः 67 बुलेटिन अवधिः 30 अगस्त–3 सितम्बर, 2017 दिनः मंगलवार दिनाँकः 29 अगस्त, 2017

मौसम पूर्वानुमानः

भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** द्वारा वित्त पोषित एवं **भारत मौसम विज्ञान विभाग** द्वारा संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अन्तर्गत **राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केन्द्र, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम भवन, नई दिल्ली** द्वारा पूर्वानुमानित तथा **मौसम केन्द्र, देहरादून** द्वारा संसोधित पूर्वानुमानित मध्यम अवधि मौसम आँकड़ों के आधार पर कृषि मौसम विज्ञान विभाग में स्थित कृषि मौसम विज्ञान प्रक्षेत्र इकाई (AMFU), गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर द्वारा **उधम सिंह नगर एवं नैनीताल जिलों के मैदानी क्षेत्रों में अगले पाँच दिनों** में निम्न मौसम रहने की संभावना व्यक्त की जाती है :–

पूर्वानुमानित मौसम तत्व	मौसम पूर्वानुमान – उधम सिंह नगर				
	30–08–2017	31–08–2017	01–09–2017	02–09–2017	03–09–2017
वर्षा (मिमी0)	5	20	30	30	20
अधिकतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.)	33	32	31	31	32
न्यूनतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.)	25	25	24	24	24
बादल आच्छादन	घने बादल	घने बादल	पूर्णतः बादल	पूर्णतः बादल	घने बादल
अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत)	95	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत)	60	65	65	65	65
वायु की औसत गति (कि0मी0 प्रतिघंटा)	014	010	008	008	010
वायु की दिशा	दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	उत्तर–पश्चिम

आगामी 30 अगस्त से 3 सितम्बर को हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा आसमान में घने से पूर्णतः बादल छाये रहने की सम्भावना है।

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय, पन्तनगर स्थित कृषि मौसम विज्ञान वेधषाला (समुद्रतल से ऊँचाई–243.8 मीटर) के प्रेक्षणानुसार विगत सात दिनों (**22 से 28 अगस्त,** 2017 सुबह 8:30 तक) में आसमान में घने से पूर्णतः बादल छाये रहे तथा 83.8 मि0मी0 वर्षा हुई, अधिकतम तापमान 27.5 से 33.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.0 से 26.5 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 80 से 96 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 70 से 95 प्रतिशत एवं हवा 3.3 से 7.1 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व–उत्तर–पूर्व दिशा से चली।

ऐसे अनुमानित मौसम में गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर के वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र के कृषक भाइयों को सलाह दी जाती है कि इस मौसम में विभिन्न फसलों के लिए खेतों में निम्नानुसार कार्यक्रम अपनायें।

कृषि मौसम परामर्ष

फसल प्रबन्धः

- ❖ इस समय धान में बाली बनने या बाली निकलने की अवस्था में है और धान की यह अवस्था पानी की कमी के प्रति अति संवेदनशील है तथा इससे बालियों के आकार एवं दानों की संख्या एवं बीज भार में कमी आती है। अतः खेत में पर्याप्त नमी बनायें रखें एवं खेत से पानी अदृश्य होने के एक दो दिन बाद पुनः सिंचाई करें।
- ❖ धान में पत्ते नोक से नीचे की तरफ पीले पड़कर सुखने की अवस्था में स्ट्रेप्टो साइक्लीन 15 ग्रा0 . कॉपरऑक्सीक्लोराइड 500 ग्रा0 500 ली0 में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
- ❖ मक्के की पत्तियो पर लाल रंग के अण्डाकार धब्बे दिखाई पडने पर मेन्कोजेब 1.5 किग्रा0 का घील बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करे।
- ❖ धान की पत्तियो पर हल्के पीले रंग के पतले एवं लम्बे धब्बे जो बाद में कत्थई रंग के हो जाते है एसी स्थिति दिखने पर 5 किग्रा0 जिंक सल्फेट. 20 किग्रा0 यूरिया का 1000 ली0 पानी में घोल बनाकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
- ❖ धान की पत्तियों पर कहीं–कहीं हिस्पा कीट का भी प्रकोप देखा जा रहा है। जहाँ कहीं इनका प्रकोप दिखाई दे वहाँ ट्राइएजोफॉस 40 ईसी, 750 मि0ली0 या मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल 1400 मि0ली0 छिड़काव करें।
- ❖ धान की फसल में खैरा रोग के लक्षण दिखाई दे तो 5 किग्रा जिंक सल्फेट तथा 20 किग्रा यूरिया अथवा 2.5 किग्रा बुझे चूने को 1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- ❖ अगोला बेधक एवं चोटी बेधक कीट की रोकथाम हेतु कार्बोफ्यूरान 3जी का 30 किग्रा/हैक्टेयर का प्रयोग करें। इस समय खेत में नमी होना आवश्यक है।
- ❖ गन्ने की फसल में जल भराव वाले खेतों में जल निकास की व्यवस्था करें।
- ❖ कीटनाशी का छिड़काव बारिश न होने पर ही करें।

उद्यान प्रबन्धः

- ❖ पपीतें के बगीचों में जल निकास का उचित प्रबंध करें।
- ❖ जैसा कि आंवले में फल वृद्धि शुरू हो गयी है अतः अच्छी गुणवत्ता के फल हेतु बोरैक्स 200–250 ग्राम प्रति वृक्ष थालों मे प्रयोग करें।
- ❖ इस माह में जाला बनाने वाला टेन्ट कैटरपिलर कीट का भी प्रकोप होता है इसलिए जाला छुड़ाने वाले यंत्र से जाले को साफ करे। एवं प्रभावित प्ररोहो को काटकर कीड़ो सहित जला दे। अगर प्रकोप अधिक हो तो कीटनाशको जैसे 0.2 प्रतिशत कार्बरिल या 0.05 प्रतिशत क्वीनालफॉस का छिड़काव करे।
- ❖ रेडरस्ट तथा एन्थ्रेक्नोज के नियत्रंण हेतू 0.3 प्रतिशत कॉपर ऑक्सी क्लोराइड (3.0 ग्रा0 प्रति ली0) का छिड़काव करे।
- ❖ नये बाग लगाऐ।
- ❖ पौधशाला में बैंगन की विशेषकर गोल बैंगन की पौध तैयार हो चुकी हो तो उनकी रोपाई करें। रोपण की दूरी 60 सेमी कतार से कतार और 60 सेमी पौध से पौध रखें।
- ❖ जिन किसान भाईयों ने मिर्च की रोपाई न की हो तो अगस्त माह में मिर्च के पौधों की रोपाई मेडों पर अवश्य कर लें। मिर्च की अधिक बढ़ने वाली प्रजातियों को 50X50 सेमी की दूरी पर कतारों में विशेषकर मेड़ों में तथा कम बढ़ने वाली प्रजातियों को 45X30 सेमी की दूरी पर रोपें।
- ❖ इस माह मध्यकालीन गोभी के पौधों की रोपाई कर सकते है। अगेती फसल में निराई–गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें।
- ❖ अगेती पालक के लिए खेत तैयार कर इस माह के अंत तक बुवाई करें।
- ❖ पालक के लिए उर्वरक, नत्रजन 50, फास्फोरस 50 व पोटाश 50 की दर से डाले।
- ❖ पालक की बुवाई 25–30 से0मी0 की दूरी पर कतारों में करें जिसमें बीज दर 25–30 कि0ग्रा0 बीज प्रति हैक्टेयर रखें।

पशुपालन प्रबन्धः

- ❖ पशुओं को हरा चारा कम मात्रा में दें तथा हरे चारे में सूखा चारा मिलाकर दें।
- ❖ पीने का पानी स्वच्छ होना चाहिए तथा गन्दे पानी में परजीवी जनित व फफूँदी जनित विषाणु की सम्भावना होती है।
- ❖ नमी की वजह से आहार में फफूँदी लग जाती है जिससे आहार में पोषक तत्व की कमी हो जाने से अपलाटॉक्सीकोशिश नामक बीमारी हो जाती है। इससे मुर्गियों के पेट में कीड़े पड़ने से अण्डा देने की क्षमता घट जाती है ऐसी मुर्गियों को पशु चिकित्सक की सलाह से कृमिनाशक दवा महीने में एक बार अवश्य दें।
- ❖ वर्षा ऋतु में आद्रता की वजह से मक्खी–मच्छरों की प्रजनन क्षमता बढ़ जाती है इससे मुर्गीघर को बचाने के लिए मेलाथियान या फिनिट का स्प्रे करें।
- ❖ पशुओं का आवास सूखा होना चाहिए इसके लिए समय–समय पर चूने का छिड़काव करें।
- ❖ पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ–सफाई करके निकटतम पशु चिकित्सक की सलाह से यूटरोटोन/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।
- ❖ प्रसव के तुरन्त बाद नवजात बच्चे की साफ–सफाई कर उसकी नाभी को धागे से बांधकर किसी साफ चाकू या ब्लेड से काटकर उस पर जैन्सन वायलेट पेन्ट अथवा टिंचर आयोडीन लगाना चाहिए।

डा0 आर0 के0 सिंह
प्राध्यापक एवं प्रिंसिपल नोडल अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा,
गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्यो. विष्वविद्यालय, पन्तनगर